**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2023 के प्रथम मंगलवार के लिये निर्धारित डा० मान सिंह यादव, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-4 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 4 (क) क्या कृषि मंत्री बतायेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 30 अगस्त, 2023 को मुख्य मंत्री को सम्बोधित, रूकी हुई प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि दिलाये जाने के सम्बन्ध में था, प्राप्त हुआ है? | जी हां। |
| (ख) यदि हॉ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है? | उक्त पत्र दिनांक 30 अगस्त, 2023 में मात्र श्री छोटू पुत्र स्व० देवी प्रसाद, निवासी-ग्राम पवई, ब्लाक बिछिया, तहसील सदर जनपद उन्नाव का नाम इंगित था, जिन्हें दिनांक 17.10.2019 तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत तीन किश्तों का लाभ प्राप्त हुआ था। तत्पश्चात बैंक खाते में त्रुटि होने के कारण इनका भुगतान रूक गया था। वर्तमान में कृषक को आधार लिंक खाते में भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण करा दी गयी है तथा कृषक को 15वीं किश्त का भुगतान भारत सरकार स्तर से प्रक्रिया में है। |
| (ग) क्या उक्त पत्र पर की गयी कार्यवाही का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

सूर्य प्रताप शाही
कृषि मंत्री।